रंगी चुनरिया लाल नाम तेरे श्याम पिया

रंगी चुनरिया लाल नाम तेरे श्याम पिया
बनके जोगन डोलूं मैं गली गली तेरी पिया

सांवरिया सरकार तेरा हमको सहारा है
तेरे बिना दुनिया में कोई न हमारा है
तेरी सुरतिया ने छीना है मेरा चैन जिया
बनके जोगन डोलूं मैं गली गली तेरी पिया

टेढ़ी मेढ़ी नज़रों से श्याम तूने दिल को चुराया है
रोम रोम बाबा तेरा नाम समाया है
करती हूँ सब अर्पण जो कुछ तूने दिया
बनके जोगन डोलूं मैं गली गली तेरी पिया

श्याम हमारी नैया के तुम ही सहारे हो
कर दो बेडा पार तुम ही मालिक हमारे हो
तुम हारे के सहारे करो भाव पार पिया
बनके जोगन डोलूं मैं गली गली तेरी पिया

आयी ग्यारस की रात सजा दरबार निराला है
भक्तों को लागे प्यारा प्यारा खाटूवाला है
प्रशांत लिखे जाग्रति पुकारे आजा पिया
बनके जोगन डोलूं मैं गली गली तेरी पिया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11111/title/rang-chunariyan-lal-naam-tere-shyam-piya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |